वैज्ञानिक तथा औध्योगिक अनुसन्धान परिषद
अनुसन्धान भवन, 2, रफी मार्ग,नई दिल्ली-01

संख्या: 6-9(266)/2014 ई-III   दिनांक: 18.06.2015

परिपत्र

विषय: स्वच्छ भारत अभियान के तहत स्वच्छता सप्ताह का आयोजन

भारत सरकार ने "स्वच्छ भारत अभियान" के तहत भारत सरकार/राज्य सरकारों के सभी मंत्रालयों/विभागों और उनके साथ संबद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों/अभिकरणों/संगठनों तथा सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों, लोक क्षेत्रक उपक्रमों, अनुसंधान संगठनों में दिनांक 22 जून, 2015 से 26 जून, 2015 तक स्वच्छता मुहिम चलाने का निर्णय लिया है। इसके अनुपालन में सीएसआईआर मुख्यालय में उक्त अवधि के दौरान स्वच्छता सप्ताह का आयोजन किया जाएगा जिसके अंतर्गत निम्नलिखित गतिविधियों पर वरीयता के आधार पर पुनः ध्यान दिया जाएगा

(1) सामान्य क्षेत्र परिसर, शौचालयों, सीढ़ियों, लिफ्टों इत्यादि सहित कार्यालयों की सार-संभाल और स्वच्छता,
(2) पार्किंग स्थलों, रास्तों इत्यादि सहित कार्यालय के बाहर के क्षेत्र की सार-संभाल और स्वच्छता,
(3) व्यर्थ वाहनों/ फर्नीचर/ इलेक्ट्रोनिक और विध्युतिक उपकरणों इत्यादि का निपटान,

(4) पुरानी फाइलों/ रिकोर्ड्स इत्यादि की छटनी करके नष्ट करना।

अतः सीएसआईआर मुख्यालय के सभी प्रभागाध्यक्षों/अनुभागाध्यक्षों से अनुरोध है कि वें अपने प्रभागों/अनुभागों में सामान्यतया कार्यालय/कार्य-स्थल की समग्र स्वच्छता और विशेषकर ऊपर उल्लिखित गतिविधियों के संबंध में नियमतः आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें और की गयी कार्यवाही के संबंध में केन्द्रीय कार्यालय को एक प्रतिवेदन भेजें ताकि तदनुरूप दिनांक 29.06.2015 तक राष्ट्रीय समन्वयक, स्वच्छ भारत अभियान को सीएसआईआर मुख्यालय के संबंध में संकलित प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जा सकें।

18/6/15
(पल्लवी सेम गुप्ता)
अवर सचिव (के.का.)

प्रति:

1. उपाध्यक्ष, सीएसआईआर का कार्यालय
2. महानिदेशक, सीएसआईआर का कार्यालय
3. संयुक्त सचिव (प्रशासन), सीएसआईआर का कार्यालय
4. वित्त सलाहकार,सीएसआईआर की निजी सहायक
5. मुख्य सतर्कता अधिकारी,सीएसआईआर का कार्यालय
6. सीएसआईआर मुख्यालय/कॉम्प्लेक्स/एचआरडीसी/रैब/उरडीप,पुणे/टीकेडीएल/एमबीएसए/सीएसआईआर साइन्स सेंटर के सभी प्रभागाध्यक्ष/अनुभागाध्यक्ष : आवश्यक कार्यवाही हेतु
7. वरिष्ठ उप-सचिव (मानव-संसाधन) की निजी सचिव
8. वरिष्ठ उप-सचिव (के.का.) के निजी सचिव
9. वरिष्ठ उप-वित्त सलाहकार (बजट एवं लेखा परीक्षा) की निजी सचिव
10. विधि सलाहकार, सीएसआईआर के निजी सचिव
11. अवर सचिव, सामान्य अनुभाग, मानव संसाधन अनुभाग (I, II एवं III), विधि अनुभाग तथा नीति प्रभाग
12. वित्त एवं लेखाधिकारी (रोकड़/लेखा-परीक्षा)
13. भंडार एवं क्रय अधिकारी : संख्या 3 पर अंकित गतिविधियों पर कार्यवाही के विशेष संदर्भ में
14. श्री डी.के. जिंदल, अधिशासी अभियंता, सीएसआईआर मुख्यालय: संख्या 1 से 3 पर अंकित गतिविधियों पर कार्यवाही के विशेष संदर्भ में
15. विभागीय रिकॉर्ड अधिकारी : संख्या 4 पर अंकित गतिविधि पर कार्यवाही के विशेष संदर्भ
16. आईटी प्रभाग: इस परिपत्र को सीएसआईआर वैबसाइट पर प्रदर्शित करने के अनुरोध सहित
17. कार्यालय-प्रति